# ECHO OF HIS CALL

## बुलावे की प्रतिध्वनि

HINDI

ECHO OF HIS CALL 1969-2019 GOLDEN JUBILEE

REACHING NATIONS

India's National Spiritual Newspaper

₹ 10/-

Published monthly in ENGLISH, TAMIL, MALAYALAM, TELUGU, HINDI, KANNADA, MARATHI, BENGALI, GUJARATI, ODIYA, ASSAMESE, PUNJABI, NEPALI, URDU, SINHALA & AFRIKAN

Editor : S. SAM SELVA RAJ | 16 Languages | Associate Editor : Sis. DOROTHY S. THOMAS

Vol. XXVIII | FEBRUARY 2023 | No.03


पवित्र बाइबल!

**इन वचनों को याद करें परमेश्वर की स्तुति हो**

नीतिवचन ३:२६-३५

२६ क्योंकि यहोवा तुझे सहारा दिया करेगा, और तेरे पाँव को फन्दे में फँसने न देगा।

२७ जिनका भला करना चाहिए, यदि तुझ में शक्ति रहे, तो उनका भला करने से न रुकना।

२८ यदि तेरे पास देने को कुछ हो, तो अपने पड़ोसी से न कहना कि जा कल फिर आना, कल मैं तुझे दूँगा।

२९ जब तेरा पड़ोसी तेरे पास बेखटके रहता है, तब उसके विरुद्ध बुरी युक्ति न बाँधना।

३० जिस मनुष्य ने तुझ से बुरा व्यवहार न किया हो, उससे अकारण मुक़द्दमा खड़ा न करना।

३१ उपद्रवी पुरुष के विषय में डाह न करना, न उसकी सी चाल चलना;

३२ क्योंकि यहोवा कुटिल से घृणा करता है, परन्तु वह अपना भेद सीधे लोगों पर खोलता है।

३३ दुष्ट के घर पर यहोवा का शाप और धर्मियों के वासस्थान पर उसकी आशीष होती है।

३४ ठट्ठा करनेवालों से वह निश्चय ठट्ठा करता है, और दीनों पर अनुग्रह करता है।

३५ बुद्धिमान महिमा को पाएँगे, और मूर्खों की बढ़ती अपमान ही की होगी।

# बड़ा भेद! THE GREAT MYSTERY!

*(पास्टर एस. सैम सेल्व राज द्वारा मुख्य गिरजाघर में दिया गया संदेश)*

**"यह भेद तो बड़ा है, पर मैं यहाँ मसीह और कलीसिया के विषय में कहता हूँ" (इफिसियों ५:३२)**

परमेश्वर की कलीसिया स्वर्ग के अधिकार को पृथ्वी पर चलाने का आधार है। कलीसिया सन्तों की सहभागिता है। प्रेरितों के कामों के पहले दस अध्यायों के अनुसार, जो लोग यीशु के साथ थे और उसके साथ जीए और उन्होंने उसके प्रेम को चखा, उन्हें 'चेले' नाम दिया गया था। प्रारम्भिक चेलों को 'मसीही' कहा गया (प्रेरितों के काम ११:२६)। बाकियों ने उनके साथ शामिल होने का साहस नहीं किया (प्रेरितों के काम ५:१३)।

विश्वासयोग्य मसीही झूठ नहीं बोलेंगे, दूसरों को धोखा नहीं देंगे और दगाबाज नहीं होंगे। वे प्रभु के भय में चलते हैं। यदि कुछ लोगों ने आपको धोखा दिया है, तो इसका मतलब यह है कि वे परमेश्वर की सन्तान नहीं थे। आप परमेश्वर के बच्चों के साथ खुले दिल से बात कर सकते हैं। जो यीशु मसीह के नमूने पर चलते हैं, और जो उसके नक्शकदमों पर चलते हैं, वे परमेश्वर की सन्तान हैं। जो यीशु मसीह का अनुसरण करते हैं, सभी परिस्थितियों में वे उसे प्रतिबिम्बित करते हैं; परिस्थितियों से प्रभावित होने पर भी वे यीशु मसीह का इन्कार नहीं करेंगे, या उनके अपने लाभ के लिए परमेश्वर की सेवकाई का गलत इस्तेमाल नहीं करेंगे।




एको ऑफ हिज़ कॉल

यू ट्यूब मसीही चैनल!
५ मिनिट का संदेश!!


English, Hindi, Tamil & Telugu

Every day – 5.00 A.M.

Tamil Sunday Service – 8.30 A.M.

You will get an opportunity to pray with Pr. S. Sam Selva Raj!

# ECHO OF HIS CALL - (1969-2019 GOLDEN JUBILEE YEAR)



## *from your dearly beloved brother...*

REACHING NATIONS



**OUR MISSION POLICY**

We should expound and teach the contemporary generation the undiluted teachings of the ancient and early Apostles. It is the need of the hour.


**CHIEF EDITOR**
Angeline Selvakumari Henry, M.A., M.Ed.
**MANAGING EDITOR**
Pastor Alex Samson Sam, B.Th., M.Div.
**ADMINISTRATION**
Bro. N. Prakasam, M.A., General Manager
**EDITORIAL BOARD**
Sis. Jesy Veena Sam
Sis. Serena Bevin, M.A., M.Phil., B.Ed.
Dr. A. Richard Samuel, M.A., Ph.D.
Rev. Dr. K.R. Rajasekaran
**EDITOR, PUBLISHER & PRINTER**
Pastor S. SAM SELVA RAJ
Echo of His Call Printers
10, Mohammed Abdullah 2nd Street,
Chepauk, Chennai- 600 005, India.
Phone : (+ 91- 44) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766
Cell : (+91) 98410 71852, 95661 31858
**CORE LEADERS**
Bro. K. Puratchivendan
Bro. A. Edward Durai
Bro. A. Alvin
Bro. K. Abraham
Sis. Dhanalakshmi Chinnaiah
**E.mail ID**
sam@echoofhiscall.org
biblecor@yahoo.co.in
**WEBSITES**
www.echoofhiscall.org
www.stpaulsmatriculation.com
**YOUTUBE CHANNEL**
Echo of His Call


**"...मैंने तेरे सामने एक द्वार खोल रखा है, जिसे कोई बन्द नहीं कर सकता...** (प्रकाशितवाक्य ३:८)

प्रभु में अत्यंत प्रियों,

हमारे प्रभु यीशु मसीह के नाम में आपका अभिवादन करते हैं।

हमारे एको ऑफ हिज़ कॉल मासिक के द्वारा और हमारे यू-ट्यूब चैनल के द्वारा दिए जाने वाले संदेशों के माध्यम से सुसमाचार का प्रचार करने के हमारे प्रयासों के कारण प्राप्त आशीषों के लिए परमेश्वर का धन्यवाद करते हैं। मैं परमेश्वर के प्रिय बच्चों के लिए, पास्टर एलेक्स सैमसन सैम, पास्टर चिन्निया, भाई और बहन धानमचिन्निया, मेरी मैगडलीन, एम. प्रकाशम, क्रिस्टिना जेबाकुमारी चिन्निया, बी. सरन, पास्टर विद्याधर, अब्राहाम, सलोमी अब्राहाम, गीता गुरूसामी, डेज़ी रानी, सॉलोमन रॉबर्ट, जोशुवा रॉबर्ट, एडमन्ड थॉमस, आदि के लिए परमेश्वर की स्तुति करते हैं जो मेरे साथ यू-ट्यूब चैनल सेवकाई में सेवा करते हैं।

हम कम से कम कुछ लोगों को पाप के भयावह स्वरूप से और श्रापों की चंगुल से छुड़ाने की कोशिश करते हैं। हमें आपकी प्रार्थना की अत्यंत ज़रूरत है। सेवकाई का मार्ग अत्यंत कठिन है। शैतान उसका सामना करने की हमारी योग्यता से आगे बढ़कर हमारे खिलाफ परिश्रम कर रहा है। केवल हमारा प्रिय प्रभु हमें ढांपता है और हमारी रक्षा करता है।

हम आपकी भी कठिनाईयों और समस्याओं को समझते हैं और आपके लिए प्रार्थना करते हैं।

परमेश्वर ने चाहा तो, हमारे नहेम्याह बाइबल कॉलेज का पदवीदान समारोह जून २०२३ को होगा। हमें ऐसे छात्रों की ज़रूरत है जो अगले वार्षिक वर्ष २०२३-२०२४ के लिए परमेश्वर की सेवकाई के लिए बुलाए गए हैं। कृपया इस बात के लिए प्रार्थना करें। कृपया ऐसे विद्यार्थियों का हमसे परिचय कराएं। बिना किसी भौतिक लाभ को पाने के इरादे से, हम सुसमाचार प्रचार के लिए परिश्रम करते हैं। कृपया हमारे तमिल और हिन्दी बाइबल कॉलेजेस के लिए और हमारी विभिन्न सेवकाईयों के लिए बोझ के साथ प्रार्थना करें।

हम आपके लिए प्रार्थना करते हैं। परमेश्वर का अनुग्रह आपके साथ हो। आमेन!

*मसीह यीशु में आपके सेवक,*


*पास्टर एस. सैम सिल्वा राज और एलेक्स सैमसन सैम*

(+91) 98412 71858 / 98410 71858,
E.mail : samselvaraj333@gmail.com


संसार के सबसे बड़े रहस्यों में से एक है परमेश्वर की कलीसिया, अर्थात परमेश्वर के बच्चों की सहभागिता और परमेश्वर के बीच का रिश्ता। प्रभु यीशु मसीह कलीसिया के द्वारा स्वर्ग से इस रहस्य को विश्वासियों को दे रहा है। जो परमेश्वर से जन्में हैं, वे परमेश्वर की सन्तान हैं। लोग निर्धन या धनवान परिस्थितियों से हो सकते हैं, या लोग जो आंसुओं की तराई से होकर जाते हैं। यह भी सम्भव है कि वे ऐसे लोग हैं जिन्होंने उनके जीवनों में आशा खो दी, या वे दूसरों के द्वारा त्यागे गए या जो बिल्कुल उपयोगी नहीं हैं। लेकिन जो यीशु मसीह में विश्वास करते हैं, वे यीशु मसीह से जन्मे हैं (यूहन्ना १:१३)।

इस संसार में विजयी जीवन जीने के लिए मनुष्य को आवश्यक सच्चाइयां कलीसिया


**Our Ministries:** ECHO OF HIS CALL Monthly Magazines (16 languages) ✪ BIBLECOR - Postal Courses (3 languages) ✪ Media Ministry ✪ Online Courses ✪ Theological Correspondence Courses (2 languages) ✪ Church Planting ✪ Nehemiah Bible Colleges ✪ Gospel Printing Press ✪ Great Commission Partners ✪ St. Paul's Matriculation School ✪ Crusades ✪ Community Development

और यीशु मसीह के बीच के रिश्तों में छिपी हैं। परंतु मनुष्य इन बातों को नज़रअंदाज़ करते हुए उनके जीवनों में आगे बढ़ने के लिए खुशी और शांति ढूंढ़ने के दूसरे रास्ते खोजने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि बाइबल में कई सारे रहस्य पाए जाते हैं, फिर भी जब हम यीशु मसीह और कलीसिया के बीच के रिश्ते के बड़े भेद का इस्तेमाल करते हैं, तब हमारे जीवनों में बदलाव आते हैं और हम ऊंचा उठते हैं।

जगत के उद्धारकर्ता यीशु मसीह, और उसकी कलीसिया के बारे में तथ्य समय या संस्कृतियों या परिस्थितियों और नई तकनीकों द्वारा नहीं बदले जा सकते हैं। गलत जानकारी या यीशु मसीह के बारे में स्पष्ट ज्ञान न होने के कारण कुछ लोग सोचते हैं कि मसीहत अवांछित है या मसीहत को अपनाना नहीं है। लेकिन यह राय पूरी तरह गलत है। क्या कोई ऐसा है जिसे विश्वासयोग्यता से यीशु मसीह का अनुसरण करने के कारण त्याग दिया गया हो? क्या कोई गरीब हो गया? क्या किसी ने किसी तरह दूसरों को तकलीफ दी? इन सवालों के लिए कोई कभी 'हां' नहीं कह सकता। "मैं लड़कपन से लेकर बुढ़ापे तक देखता आया हूँ; परन्तु न तो कभी धर्मी को त्यागा हुआ, और न उसके वंश को टुकड़े माँगते देखा है" (भजन संहिता 37:25)। यीशु मसीह का अनुसरण करने वाले को कभी भी भोजन के लिए भटकते हुए नहीं देखा गया।

यीशु मसीह का जन्म और नया वर्ष केवल मसीहियों द्वारा ही नहीं बल्कि सभी देशों के लोगों और सभी धर्मों के लोगों द्वारा मनाया जाता है। जनवरी के पहले दिन सभी धर्मों के मंदिरों और पूजा स्थलों में विशेष उत्सव और पूजा-अर्चना की जाती है, क्यों? सच हमेशा सच होता है। सच्चाई को ज्यादा देर तक न तो नकारा जा सकता है और न ही छुपाया जा सकता है। यीशु मसीह के जन्म ने विश्व इतिहास को ईसा पूर्व और ईस्वी के रूप में विभाजित किया। क्योंकि दुनिया गुमराह हो गई थी, इस पृथ्वी को बनाने वाले प्रभु ने मनुष्य यीशु मसीह का रूप धारण किया और अपने जन्म, मृत्यु और पुनरुत्थान के द्वारा हमारे लिए अपने महान प्रेम को प्रकट किया (रोमियों 5:8)। जब सभी कब्रें जहां मरे हुए लोगों के शवों को दफनाया जाता है, बंद रहती हैं, अकेले यीशु मसीह की कब्र खुली रहती है, क्यों? वह प्रभु और उद्धारकर्ता है जिसने मृत्यु पर विजय प्राप्त की और मृतकों में से जी उठा! कोई भी यीशु मसीह की कलीसिया से घृणा कर सकता है और कलीसिया को सताने की कोशिश कर सकता है। लेकिन परमेश्वर की कलीसिया मनुष्यों के नियंत्रण में नहीं है। यह सीधे परमेश्वर के नियंत्रण में कार्य करती है।

जगत के आरम्भ से, परमेश्वर के बच्चों की सहभागिता ने भयानक क्लेश और विरोध का अनुभव किया था। परंतु कोई भी परमेश्वर की कलीसिया के विस्तार को नहीं रोक सकता। इतिहास में, हम उन देशों और अधिकारियों के बारे में पढ़ते हैं जिन्होंने परमेश्वर की कलीसियाओं पर नियंत्रण करने की कोशिश की, वे ऐसे कुचले गए कि उनकी पहचान तक मिट गई। इसलिए, हमें बहुत बुद्धि से सुसमाचार की घोषणा करना है। वे लोग जो परमेश्वर की महिमा को नहीं जानते, जब परमेश्वर के बारे में ज्ञान पाएंगे, तो उन्हें शांति मिलेगी। आज भी कई लोग जगत के विभिन्न भागों में परमेश्वर की कलीसिया में दाखिल हुए हैं। अनगिनत कलीसियाएं प्रतिदिन रोपी जा रही हैं।

## १. मैं अपनी कलीसिया बनाऊंगा!

यीशु कैसरिया फिलिप्पी के प्रदेश में आया, और अपने चेलों से पूछने लगा, "लोग मनुष्य के पुत्र को क्या कहते हैं?" उन्होंने कहा, "कुछ तो यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाला कहते हैं, और कुछ एलिय्याह, और कुछ यिर्मयाह या भविष्यद्वक्ताओं में से कोई एक कहते हैं।"

उसने उनसे कहा, "परन्तु तुम मुझे क्या कहते हो?" शमौन पतरस ने उत्तर दिया, "तू जीवते परमेश्वर का पुत्र मसीह है।" यीशु ने उसको उत्तर दिया, "हे शमौन, योना के पुत्र, तू धन्य है; क्योंकि मांस और लहू ने नहीं, परन्तु मेरे पिता ने जो स्वर्ग में है, यह बात तुझ पर प्रगट की है। और मैं भी तुझ से कहता हूँ कि तू पतरस है, और मैं इस पत्थर पर अपनी कलीसिया बनाऊँगा, और अधोलोक के फाटक उस पर प्रबल न होंगे" (मत्ती १६:१७-१८)।

यहां पर हमारा प्रभु शमौन से पूछता है कि दूसरे लोग उसके बारे में क्या कहते हैं। यीशु मसीह को भी यह जानने का मन था कि दूसरे लोग उसके बारे में क्या कहते थे। इससे हमें समझना चाहिए कि हर आत्मिक अगुवे को जानना है कि दूसरे उसके बारे में क्या कहते हैं। हमें यह नहीं कहना चाहिए, "लोग मेरे बारे में क्या कहते हैं मुझे इसकी परवाह नहीं है, मैं अपने विवेक के अनुसार काम कर रहा हूं।" जब यीशु मसीह ने पतरस से पूछा कि दूसरे उसके बारे में क्या कहते थे, तब शमौन ने उत्तर दिया, "तू जिवते परमेश्वर का पुत्र यीशु मसीह है।" यहां पर पतरस उस प्रकाशन के द्वारा बोल रहा है जो उसने पाया था। यीशु मसीह कहता है कि यह बात उस पर लहू और मांस ने प्रगट नहीं की, परंतु उस पिता ने प्रगट की है जो स्वर्ग में है। आज लोग मसीहियों को मूर्ख, अज्ञान लोग समझते हैं, वे उन्हें बुद्धिहीन समझते हैं जो मसीह धर्म का प्रचार करते हैं, और ऐसे लोगों के रूप में भी जो लोगों को बदल देते हैं। यदि व्यक्ति यीशु मसीह को उसके उद्धारकर्ता के रूप में ग्रहण करता है, तो इसका मतलब यह है कि लहू और मांस ने यह बात उस पर प्रगट नहीं की, परंतु स्वर्गीय पिता ने की है।

हम सब जिन्होंने यीशु मसीह को अपने उद्धारकर्ता के रूप में ग्रहण किया है, वे ऐसे लोग हैं जिन्होंने प्रभु की ओर से प्रकाशन पाया है। जिन्होंने अपने जीवनों में प्रकाशन पाया वे स्वर्गीय प्रभु के हैं जो उनके भूतकाल के जीवनों पर विचार नहीं करता।

आप यह नहीं कह सकते कि प्रभु ने आपसे बात नहीं की या आपने प्रभु की आवाज़ को नहीं सुना या प्रभु के साथ आपका कोई रिश्ता नहीं है। क्योंकि, प्रभु

ने शमौन पतरस से कहा, “क्योंकि लहू और मांस ने यह तुझ पर प्रगट नहीं किया, परंतु मेरे पिता ने प्रगट किया है जो स्वर्ग में है।” इसलिए, आपने यीशु मसीह को अपने उद्धारकर्ता के रूप में ग्रहण किया है। यीशु मसीह सच्चा परमेश्वर है परमेश्वर का परमेश्वर और इस संसार में सर्वोच्च। यह ईश्वरीय प्रकाशन है। हम दबाव से यीशु मसीह को ग्रहण नहीं कर सकते और न ही बिना किसी प्रकाशन को पाए दूसरों के प्रयास से। इसलिए, जिन्होंने स्वर्ग का प्रकाशन पाया है उन्हें इस संसार से अलग एक भिन्न प्रकार का जीवन बिताना चाहिए।

लोग विभिन्न तरीकों से अपने जीवनों में उन्नति पाने की कोशिश कर रहे हैं, परंतु बाइबल केवल परमेश्वर की संतानों को सिखाता है या उन लोगों को या जिन्होंने उसका प्रकाशन पाया है कि जिस तरह से प्रभु सिखाता है उस तरह से सबकुछ किया जाए तो वे जीवन में आशीष पाएंगे, जो थोड़ा अजीब लगता है।

## २. मेरी कलीसिया

इस संसार में कोई भी व्यक्ति कुछ भी काम कर सकता है। परंतु कलीसिया के निर्माण का कार्य प्रभु के हाथों में है। मत्ती १६:१८ में, यीशु मसीह कहता है, “मैं अपनी कलीसिया बनाऊंगा।” उसने यह नहीं कहा कि पतरस या पौलुस कलीसिया बनाएंगे। नरक के फाटक उसके खिलाफ प्रबल नहीं होंगे।

परमेश्वर की संतानों की सभा परमेश्वर की कलीसिया है। यह मात्र भवन नहीं है। जब मैं कहता हूं कि इस कलीसिया में आराधना सभा होगी, तो यह इमारत की बात नहीं कर रहा है। यह उस स्थान को दर्शाता है जहां परमेश्वर के बच्चे इकट्ठे होते हैं। परमेश्वर स्वयं परमेश्वर की कलीसिया का निर्माण करेगा। हम सब मिलकर जो एक कलीसिया में इकट्ठे हैं, परमेश्वर की कलीसिया है।

हे परमेश्वर के लोगों, प्रभु आपको बनाए रखेगा। परमेश्वर वायदा करता है कि अधोलोक के द्वार आप पर प्रबल नहीं हो सकते। जब हम इसे स्वीकार करते हैं, तो आपको अपने जीवन में कलीसिया को महत्व देना चाहिए। प्रभु कहता है कि वह हमे उन्नति देगा और हमें समृद्ध बनाएगा। अधोलोक के द्वार हम पर हावी नहीं हो सकते। प्रभु इन गारंटियों को अपने हाथों में रखता है। प्रभु आपकी कठिनाइयों और कष्टों को देखेगा और आपको उन्नति देगा जो उसकी कलीसिया है। बीमारियां, परेशानियां, कर्ज़, गरीबी, शैतान की ओर से आने वाली परेशानियां आप पर प्रबल नहीं होंगी क्योंकि आप उसकी कलीसिया हैं। मांस और लहू ने आप पर प्रकट नहीं किया कि वह परमेश्वर है, परन्तु स्वर्ग ने इसे प्रकट किया है। वे सब जो परमेश्वर की कलीसिया में इकट्ठे होते हैं, उन्हें कभी भी त्यागा नहीं जाएगा।

परमेश्वर उनकी तुलना उन लोगों से करता है जिन्होंने अपना घर चट्टान पर बनाया। एक मनुष्य बालू पर अपना घर बनाता है। वहां तूफान है। तेज़ बारिश के छींटे। पानी बहता है, घर बर्बाद हो जाएगा। परन्तु दूसरा मनुष्य अपना घर चट्टान पर बनाता है। वहां भी हवा चलती है। भारी बारिश हो रही है और पानी बह रहा है। घर मज़बूत है। कठिनाइयां हों या पराजय, उसके साथ चाहे जो हो, वह अडिग खड़ा रहेगा। वह आपका निर्माण करेगा क्योंकि आप उसकी कलीसिया हैं। अधोलोक के फाटक आप पर प्रबल नहीं हो सकते। परमेश्वर कहता है कि वह आपकी तुलना उस मनुष्य से करेगा जिसने चट्टान पर अपना घर बनाया।

हम तभी विजयी होते हैं जब हम परमेश्वर की कलीसिया में होते हैं। यही कारण है कि बाइबल कहती है कि हमें आपस में एक दूसरे से मिलना नहीं छोड़ना है (इब्रानियों १०:२५)। कई लोगों के लिए, परमेश्वर की कलीसिया में आना एक मुश्किल काम है - चर्च दूर है, वे थके हुए हैं, परिवहन की कमी आदि, इसलिए ये लोग परमेश्वर की कलीसिया में जाने, आराधना करने और परमेश्वर की आशीष प्राप्त करने का विशेषाधिकार खो देते हैं । यह रहस्य महान है, यीशु मसीह और परमेश्वर की कलीसिया के बीच रिश्ते का रहस्य। यदि आप कलीसिया में हैं तो संसार की कोई भी चीज आप पर प्रबल नहीं हो सकती। आप विजयी होंगे।

जो परमेश्वर की कलीसिया के सदस्य हैं - वे पवित्र जन जो उसकी कलीसिया में भाग लेते हैं - जिन्होंने यीशु मसीह को अपने उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार किया है वे उच्च वर्ग के लोग हैं। पृथ्वी पर कोई

*पृष्ठ 6 में क्रमशः...*

नहेम्याह बाइबल कॉलेज
रेसिडेन्शल कॉलेज, चेन्नई।
माध्यमः हिन्दी
*सदस्यता के लिए पंजीकृत उम्मीदवार* - ATA
Regd. Candidate for Membership ATA NEHEMIAH BIBLE COLLEGE CHENNAI
सुविख्यात अंतर्राष्ट्रीय मसीही अगुवे तथा पिछले 53 वर्षों से सेवारत वरिष्ठ पासवान
सर्टिफिकेट इन थियोलॉजी – 1 साल
डिप्लोमा ऑफ थियोलॉजी – 2 साल
योग्यता 10 वी या अधिक
जल्दी करें!
**Contact : The Chairman, Nehemiah Bible College.**
10, MOHAMMED ABDULLAH 2ND STREET, CHEPAUK, CHENNAI - 600 005, INDIA.
Phone : (+91-44) 2852 8282, Cell : (+91) 98410 71852 / 95661 31858
E.mail : sam@echoofhiscall.org / Website : www.echoofhiscall.org
★ ऑनलाइन कक्षाएं उपलब्ध हैं ★

GREAT COMMISSION PARTNERS
ECHO OF HIS CALL MINISTRIES
SINCE 1969

# महान आदेश के भागी

✽ भार उठना (गलातियों ६:२), ✽ सहायता करना (रोमियों १२:१३) और ✽ चमकना (२ तीमुथियुस १:६)

## स्तुति और प्रार्थना निवेदन

## फरवरी २०२३ से १६ मार्च २०२३ तक

(कृपया इस पृष्ठ को फाड़िये, घड़ी कीजिए और उसे अपनी बाइबल में रखकर निरंतर प्रार्थना कीजिए।)



### स्तुति विषय

फरवरी १६ : हमारे वरिष्ठ पासवान एस सैम सेल्वा राज और उनके परिवार की दुष्ट शक्तियों से रक्षा करने के लिए

फरवरी २० : हमारी सभी चर्च गतिविधियों में भाग लेने के लिए युवाओं को उत्साह से आशीषित करने के लिए।

फरवरी २१ : हमारे प्रार्थना सहभागियों, शुल्क सहभागियों, विश्वास के सहभागियों, आजीवन प्रतिभागियों, महान आदेश प्रतिभागियों और उनके परिवार के सदस्यों के प्रति उसकी दया के लिए।

२२ फरवरी: एक अद्भुत मीडिया टीम जो हमारे एको ऑफ हिज़ कॉल यू ट्यब चैनल के निर्बाध प्रसारण में हमारी मदद करने के लिए।

२३ फरवरी: हमारे यू ट्यब प्रसारण के लिए हमें विशेष कैमरे से आशीषित करने हेतु।

फरवरी २४ : विविध सेवाओं के माध्यम से सुसमाचार का प्रचार करने की हमारे वरिष्ठ पास्टर की प्रतिबद्धता के लिए।

फरवरी २५: एको ऑफ हिज़ कॉल और उनके परिवारों को अच्छा स्वास्थ्य और ईश्वरीय सुरक्षा के साथ आशीषित करने हेतु।

फरवरी २६ : हमारे प्रतिभागियों के नैतिक और वित्तीय सहायक की आशीष के लिए।

फरवरी २७ : हमारी मीडिया सेवकाई और एको ऑफ हिज़ कॉल चैनल को अनपहुंचे लोगों तक पहुंचने के लिए आशीषित करने हेतु।

फरवरी २८ : हमारे २०२३ कैलेंडर और प्रॉमिस कार्ड की छपाई और प्रेषण कार्य को पूरा करने हेतु हमें अनुग्रह प्रदान करने के लिए।

मार्च ०१ : हमारी कलीसिया की सेवकाई को अधिक संगठित तरीके से काम करने की आशीष देने के लिए।

मार्च ०२ : हमारे आवासीय नहेम्याह बाइबल कॉलेज के छात्रों को संगीत कक्षाएं प्रदान करने के लिए।

मार्च ०३: आवासीय नहेम्याह बाइबल कॉलेज और सेंट पौल्स मैट्रिकुलेशन स्कूल में हमारे विशेष क्रिसमस कार्यक्रमों को आशीष देने के लिए।

### प्रार्थना विषय

मार्च ०४: शैक्षणिक वर्ष २०२३-२४ के लिए हमारे आवासीय और शाम के नहेम्याह बाइबल कॉलेज के लिए योग्य छात्रों का प्रवेश।

मार्च ०५ : हमारे सेंट पौल्स मैट्रिकुलेशन स्कूल में शैक्षणिक वर्ष २०२३-२४ के लिए नए छात्रों का प्रवेश।

मार्च ०६ : हमारे वरिष्ठ पासवान एस. सैम सेल्वा राज और उनके परिवार के सदस्यों की सभी प्रकार की बुरी शक्तियों से सुरक्षा।

मार्च ०७ : कोविड के नये रूपों से विश्व के देशों की ईश्वरीय सुरक्षा के लिए।

मार्च ०८ : हमारे तकनीकी कर्मचारियों के लिए जैसे प्रिंटिंग प्रेस संचालक, वाहन चालक और कंप्यूटर ऑपरेटर।

मार्च ०९: राष्ट्रों के बच्चे और युवा यीशु मसीह को अपने व्यक्तिगत उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार करें।

मार्च १० : मसीही प्रचारक बिना मिलावट के पूरे सुसमाचार का प्रचार करें।

मार्च ११ : परमेश्वर के सेवक जो जेलों में सेवकाई कर रहे हैं।

मार्च १२ : संसार के बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन गेम की लत से बचाने के लिए।

मार्च १३ : हमारे एको ऑफ हिज़ कॉल यू ट्यब चैनल पर विभिन्न भाषाओं में पादरी एस. सैम सेल्वा राज के संदेशों के प्रसारण के लिए।

मार्च १४ : हमारे सहकर्मी जो शिक्षा और अनुवाद सेवा में सहभागी हैं उनके लिए।

मार्च १५ : हमारे सहयोगी संपादक और उनके परिवार के सदस्यों के लिए।

मार्च १६ : हमारे वरिष्ठ पासवान को उनकी आत्मकथा लिखने में सफलता मिले।

मार्च १७: इस्राएल की शांति के लिए।

मार्च १८ : वृद्धाश्रम के वृद्ध लोगों के लिए।

पृष्ठ 4 से आगे:...

सामर्थ नहीं है जो उन्हें नष्ट कर सके। आपके जीवन की सभी हार आपके लिए जीत बन जाएगी। पृथ्वी पर स्वर्ग के अधिकार का प्रयोग करने का आधार यह कलीसिया है। इन कलीसियाओं के द्वारा ही परमेश्वर देशों को आशीष देता है।

यदि हम इस सच्चाई के बारे में लोगों को बताते हैं तो उन्हें समझने में कठिनाई होती है। जो लोग मसीहत का पालन करते हैं वे कम विशेषाधिकार प्राप्त हैं और ऐसे लोग हैं जो कठिनाइयों में हैं। आप पूछ सकते हैं, "क्या ये वे लोग हैं जिन्हें परमेश्वर ने चुना है?" उत्तर "हाँ" है, क्योंकि यह सत्य है। जिन्होंने प्रभु यीशु मसीह को स्वीकार किया है, वे इस संसार के नहीं हैं। स्वर्ग उनकी रक्षा करता है।

## ३. जो कलीसिया में रोपे गए हैं वे फलेंगे-फूलेंगे!

**"वे यहोवा के भवन में रोपे जाकर, हमारे परमेश्वर के आँगनों में फूले फलेंगे" (भजन संहिता ९२:१३)।**

हम एक कृत्रिम पौधे को हटा सकते हैं और इसे फिर से लगा सकते हैं। इसमें पानी डालने की ज़रूरत नहीं है। जो लोग परमेश्वर के भवन में लगाए जाते हैं वे कृत्रिम पौधे की तरह अस्थायी रूप से नहीं लगाए जाते हैं। प्राकृतिक पौधे को मिट्टी में लगाया जाता है और पानी पिलाया जाता है। जिनका जीवन फल देने वाले पौधे के समान है, वे परमेश्वर की कलीसिया में फलेंगे-फूलेंगे। केवल उन लोगों के जीवन वास्तव में में समृद्ध होंगे, जिनके जीवन इस पौधे की तरह हैं।

परमेश्वर की कलीसिया में लगाया गया, पानी पिलाया गया और खाद डाला गया परमेश्वर की कलीसिया में जड़ पकड़ेगा, पनपेगा और कलीसिया में फल देगा।

वे सभी जो वास्तविक समर्पण के साथ कलीसिया की सेवा करते हैं, पास्टर की मदद करके फल देते हैं, वे फलेंगे-फूलेंगे। आज ज्यादातर लोगों में ऐसी इच्छा नहीं होती। कुछ लोग, जब कलीसिया में बपतिस्मा लेते हैं, तो इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि वे बचाए गए हैं, वे कलीसिया छोड़ देते हैं और अपना संगठन स्थापित करते हैं और वे सभी गतिविधियां करते हैं जो प्रभु द्वारा स्वीकार नहीं की जाती हैं और सभी प्रकार की कठिनाइयों में पड़ जाते हैं। अंत में वे अपने सभी से दूर होने की स्थिति में आ जाते हैं। आप तभी फले-फूलेंगे जब आप ईमानदारी से दर्शन, कार्य और जिम्मेदारियों का पालन करेंगे जो परमेश्वर ने आपको उनकी कलीसिया में दी हैं। कुछ लोग पूछ सकते हैं, "यदि मैं चर्च जाता हूँ, तो क्या सब कुछ ठीक हो जाएगा?" हां, सब ठीक हो जाएगा। जब यह बात आम लोगों को बताई जाती है तो वे समझ नहीं पाते। जब मैं एक छोटा लड़का था, मैं अपने पुराने पादरी की चप्पल साफ कर रहा था और उनकी मदद करता था। वह मेरी सेवकाई थी। इस छोटी सी सेवा के कारण, प्रभु ने मुझे इन शानदार सेवकाइयों में लाया। क्या आप कलीसिया में रोपे गए हैं या केवल वहां रखे गए हैं? आज बहुत से लोग दृढ़ विश्वासी नहीं हैं; लेकिन सिर्फ आगंतुक हैं। जमीन में अच्छी तरह से लगा हुआ पौधा फल देता है। बहुतों का जीवन निष्फल होता है। हम कहते हैं कि हम विश्वासी हैं और हम विजयी नहीं हैं। जितना अधिक आप परमेश्वर की कलीसिया में शामिल होते हैं, उतना ही आप मज़बूती से लगाए जाते हैं और जितना अधिक आप परमेश्वर की कलीसिया में फल दे रहे हैं, उस हद तक परमेश्वर आपको उन्नति देता रहेगा।

प्रख्यात स्वर्गीय पास्टर जी. सुंदरम उन लोगों से कहा करते थे जो सेवकाई का काम स्वतंत्र रूप से कर रहे हैं, "आप कहीं भी सेवकाई का काम कर सकते हैं और जैसे चाहें वैसे कर सकते हैं; परन्तु आपको अपने वस्त्र के चारों ओर रस्सी बांधना है और उस रस्सी के दूसरे सिरे को गिरजाघर से बांधना है। आपको अपनी कलीसिया को महत्व देना है। उस कलीसिया से ही आपको सामर्थ मिलेगी। अन्यथा आप अपने आत्मिक जीवन में अनाथ हो जाएंगे।" उसने उन्हें ये शब्द एक चुनौती के साथ कहे। यह कितना बड़ा सच है!

आपके लिए यह संदेश लिखने वाला लेखक भी एक अगुवे के अधीन काम कर रहा है और मैं धन्य हूं। परमेश्वर की कृपा से मुझे कई सहायक पास्टर भी मिले हैं। मैं अपने वरिष्ठों का आज्ञाकारी हूं। मैं खुश हूं। आपकी स्थिति क्या है?

पृष्ठ 8 में क्रमशः...

नहेम्याह बाइबल कॉलेज
EVENING COLLEGE
Chepauk & Santhoshapuram, Chennai.
माध्यम: तमिल
सदस्यता के लिए पंजीकृत उम्मीदवार - ATA
सुविख्यात अंतर्राष्ट्रीय मसीही अगुवे तथा पिछले 53 वर्षों से सेवारत वरिष्ठ पासवान
सर्टिफिकेट इन थियोलॉजी – 1 साल
डिप्लोमा ऑफ थियोलॉजी – 2 साल
योग्यता 10 वी या अधिक
जल्दी करें!
Contact : The Chairman, Nehemiah Bible College.
10, MOHAMMED ABDULLAH 2ND STREET, BELLS ROAD, CHEPAUK, CHENNAI - 600 005, INDIA.
Phone : (+91-44) 2852 8282, Cell : (+91) 98410 71852 / 95661 31858
E.mail : sam@echoofhiscall.org / Website : www.echoofhiscall.org

## कृपया हमारे मुख्यालय में हो रहे सेवाकार्यो के लिए प्रार्थना करें!

१. प्रार्थना सेवा : २४ घंटे
२. **बाइबलकोर** - बाइबल पत्राचार पाठ्यक्रम : अंग्रेजी, तमिल, हिन्दी
३. **बुलावे की प्रतिध्वनि (एको ऑफ हिज़ कॉल)** - मासिक पत्रिका अंग्रेजी, तमिल, मलयालम, तेलुगू, हिन्दी, कन्नड, मराठी, गुजराती, बगाली, उड़िया, नेपाली, आसामी, पंजाबी, उर्दू, सिन्हाला, अफ्रीकान
४. नहेम्याह बाइबल कॉलेज (दो केन्द्र)
५. थियोलॉजिकल प्रशिक्षण कोर्स - अंग्रेजी एवं तमिल
६. ग्रेट कमिशन पार्टनर्स
७. प्रशिक्षण कार्यक्रम
८. सुसमाचार सभाएं
९. साहित्य वितरण और फॉलो-अप
१०. सुसमाचार साहित्य मुद्रणालय -प्रकाशन
११. सेंट पॉल्स मॅट्रिक्युलेशन स्कूल - विलेज इंग्लीश स्कूल
१२. सण्डेस्कूल रविवार प्रातः ८.३० बजे
**१३. तमिल उपासना रविवार प्रात ५.०० बजे - ७.०० बजे १०.००बजे**
**१४. हिन्दी उपासना रविवार सायं ४.०० बजे**
**१५. तेलुगू उपासना रविवार सायं ५.०० बजे**
**१६. अंग्रेजी तथा तमिल उपासना रविवार सायं ६.०० बजे**
१७. पादरियों द्वारा सलाह मशवरा रविवार सायं ४.०० बजे
१८. महिलाओं की प्रार्थना सभा बुधवार सायं ५.३० बजे
१९. सप्ताह के मध्य बाइबल अध्ययन बुधवार सायं ६.३० बजे
२०. पुरुषों की प्रार्थना सभा शुक्रवार सायं ६.३० बजे
२१. शिष्यता की सभा शनिवार सायं ६.०० बजे
२२. गृह सभाएँ मंगल.गुरु सायं ६.३० बजे
२३. विशेष पवित्र सहभागिता-प्रभुभोज प्रतिमाह के १ ला दिवस पर प्रातः ५.३० बजे
२४. कर्मचारी समीक्षा सभा प्रथम शनिवार सायं ५.३० बजे
२५. पालकों की प्रार्थना सभा प्रथम रविवार सायं ४.०० बजे
२६. रात्रकालिन प्रार्थना द्वितीय शुक्रवार रात ९.३० बजे
२७. उपवास के साथ प्रार्थना प्रथम शनिवार सायं ९.३० बजे
२८. पवित्र प्रभुभोज द्वितीय रविवार की उपासनाएँ
२९. प्रातःकालीन उपासना प्रतिदिन प्रातः ५.०० बजे
३०. कर्मचारी वर्ग द्वारा प्रार्थना उपासना प्रतिदिन प्रातः ९.०० बजे
३१. कार्यालय प्रातः ९.०० बजे से सायं ६.०० बजे (रविवार छोड़कर)

## ऍको ऑफ हिज़ कॉल पत्राचार पाठ्यक्रम केवल भारत में उम्मीदवार के लिए

### 1. बाइबलकोर

हम नए मसीहियों और गैर-मसीहियों के लिए बाइबल के बुनियादी सत्य पर पत्राचार पाठ्यक्रम प्रस्तुत करते हैं अंग्रेजी-57 पृष्ठ, हिन्दी-76 पृष्ठ, और तमिल-96 पृष्ठ। आपको एक पाठ्यक्रम पुस्तक मिलेगी जिसका शीर्षक है नया जीवन - आपके लिए! इस कोर्स के पूरा होने के बाद आपको ***आपके लिए नया जीवन*** शीर्षक युक्त पाठ्यक्रम की एक पुस्तक प्राप्त होगी।

### 2. ईश्वरविज्ञान पत्राचार पाठ्यक्रम

ईश्वरविज्ञान पत्राचार पाठ्यक्रम नामक एडवान्स्ड डिस्टन्स एज्युकेशन पासबानों, सुसमाचार प्रचारकों और मसीही अगुवों के लिए भी उपलब्ध है जिन्हें परमेश्वर की सेवा के लिए बोझ है- अंग्रेज़ी 537 पृ. और तमिल 652 पृ. ! शुल्क रु. 1000/- लिया जाएगा, 149 अध्यायों की सात पुस्तकें दी जाएगी। सर्टिफिकेट इन मिनिस्ट्री दिया जाएगा। परमेश्वर आपको आशीष दे!

*अधिक जानकारी के लिए आज ही सम्पर्क करें।*

**The Chairman, Nehemiah Bible College,**
**Echo of His Call, Post Box 2957**
CHEPAUK, CHENNAI - 600 005.
**Ph.: (044) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766,**
**Cell : 98410 71852, 95661 31858**
**E.mail : biblecor@yahoo.co.in**

## एको ऑफ हिज़ कॉल मासिक पत्रिका विनामूल्य पाने का उत्तम अवसर

यदि आप डाक, पत्र, ईमेल, वॉट्स अप या फोन करके अपने मित्रों/रिश्तेदारों के पते भेज सके, तो हम उन्हें **एको ऑफ हिज़ कॉल** मासिक पत्रिका विनामूल्य भेजेंगे।

## कर में छूट

किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा "एको ऑफ हिज़ कॉल एज्युकेशनल ट्रस्ट" को दिया गया दान आयकर कानून की धारा ८० जी. के तहत कर मुक्त माना जाता है। इसके लिए अधिकृत रसीद दी जाएगी। दानदाताओं से निवेदन है कि वे अपने चेक तथा ड्राफ्ट **"एको ऑफ हिज़ कॉल एज्युकेशनल ट्रस्ट"** के नाम पर आपके आधार कार्ड और पैन कार्ड के साथ भेज दें।

| | | |
|---|---|---|
| Account Name | : | ECHO OF HIS CALL EDUCATIONAL TRUST |
| Account Number | : | 1023 2923 805 |
| Bank Name | : | STATE BANK OF INDIA |
| Branch | : | TRIPLICANE, CHENNAI - 600 005 |
| IFSC Code | : | SBIN 0000249 |
| SWIFT Code | : | SBI NIN BB 455 |



# खाई से महल तक

## (पास्टर एस. सॅम सेल्वा राज के जीवन अनुभव)

*"जो पढ़े वह समझे"* मत्ती 24:15

## मेरी क्षेत्र सेवकाई!


प्रभु परमेश्वर ने मुझे खुले मैदानों में छोटी सुसमाचारीय सभाओं और घरों में छोटी सभाओं के माध्यम से अपने सुसमाचार का प्रसार करने के लिए अच्छे मित्र दिए। डी. रिचर्ड थम्बीराज, विलियम, सेल्वाराज, बिजली सामराज, पी. चंद्रशेखर, श्रीमती जे.वी. सेलवन आदि इस सेवकाई में मेरी मदद कर रहे थे।

जब मैंने हमारे क्षेत्र के पास नवलार नगर नामक स्थान पर खुले मैदान में सभाएं आयोजित कीं, प्रभु यीशु मसीह की सामर्थ ने लोगों को छू लिया और दुष्टात्मा से ग्रस्त लोगों को छुटकारा मिला और बीमार लोग चंगे हुए। इस प्रकार परमेश्वर का अभिषेक कार्य करने लगा।

उस क्षेत्र के गरीब, अमीर, पढ़े-लिखे और अनपढ़ लोगों ने प्रभु यीशु मसीह को अपने व्यक्तिगत उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार किया। बहुत चमत्कार हुए। मैं अपना वाद्य यंत्र बजाता था, ॲकॉर्डियन बजाता था, गाता था, बच्चों के कार्यक्रम आदि आयोजित करता था और इस प्रकार परमेश्वर ने मुझे जीवित परमेश्वर यीशु मसीह के सेवक के रूप में ऊंचा किया। वास्तविक चमत्कारों और उनके जीवन में हुए बदलावों के कारण लोग मेरा सम्मान करने लगे और मेरी प्रार्थना सभाओं में शामिल होने लगे। मैंने ऐसे किसी भी मसीही को कभी स्वीकार नहीं किया जो रोमन कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट जैसे अन्य चर्चों के सदस्य थे। परमेश्वर ने मुझे यीशु मसीह का अनुसरण करने और उसकी सेवा करने के लिए नए विश्वासी दिए। मैंने अपने मित्रों को सुसमाचार के ट्रैक्ट और पुस्तिकाओं को वितरित करने के लिए प्रशिक्षित किया, जो फेथ प्रेयर ट्रैक्ट्स लीग के रेव्ह. सैमुअल डेनियल द्वारा दिए गए थे। मैंने अपने मित्रों को गीत गाने, गवाही देने, उपदेश देने और नई आत्माओं से मिलने का प्रशिक्षण भी दिया। इस प्रकार मैंने बहुत व्यस्त जीवन शुरू किया और अपनी आत्मा की समृद्धि के लिए और अधिक प्रार्थना करने के लिए और उस बोझ के लिए जीवन दिया जो परमेश्वर ने मुझे दुनिया के विभिन्न राष्ट्रों के अगम्य लोगों तक हर तरह से, हर कीमत पर, हर तरह से पहुंचाने के लिए दिया है। **मैं निर्बलों के लिये निर्बल सा बना कि निर्बलों को खींच लाऊँ। मैं सब मनुष्यों के लिये सब कुछ बना कि किसी न किसी रीति से कई एक का उद्धार कराऊं।** १ कुरिन्थियों ९:२२



*Rev. Samuel Daniel*



*Rev. Dr. Augustine Peters & Pr. S. Sam Selva Raj*

वर्ष 1973 में एक दिन, जब मैं माउंट रोड पर ई.एल.एस के पास स्थित किताब की दुकान के पास मेरे मित्र भाई पुस्तक की दुकान के प्रबंधक जे. आर. जयबालन की मदद से "द बेस्ट आई कैन!" शीर्षक वाले सुसमाचार ट्रैक्ट वितरित कर रहा था, तब मेरी मुलाकात रेव्हरेंड डॉ. ऑगस्टीन पीटर्स से हुई, जो परमेश्वर के प्रमुख सेवकों में से एक थे। उन्होंने व्यस्त सड़क पर मेरे सिर पर अपना हाथ रखकर मेरे लिए प्रार्थना की और भविष्यवाणी की और कहा, "इस लड़के को मैंने सुसमाचार की एक महान सेवकाई के लिए नियुक्त किया है। मैंने उसे बुलाया है। मैं उसे असाधारण वरदान, स्वास्थ्य, धन और दुनिया भर के लोग दूंगा। वह मेरा विश्वासयोग्य सेवक और प्रिय पुत्र होगा जिस पर मैं अपनी आशीष उंडेलूंगा।"

कुछ दिनों बाद उसने फोटोग्राफर मेरे मित्र भाई सी.एन. राजन के जरिए मुझे बुलाया और सुसमाचार के सेवक के रूप में मेरा अभिषेक किया। यहां यह बताना उचित होगा कि मेरे जीवन में आज भी वही सामर्थ, दूरदर्शिता और स्थिरता विद्यमान है। उनके द्वारा कहे गए सब वचन पूरे हो रहे हैं। मैं इसके लिए परमेश्वर का शुक्रिया अदा करता हूं! ***

## ४. यहोवा की प्रसन्नता का दिन

**"यदि तू विश्रामदिन को अशुद्ध न करे अर्थात् मेरे उस पवित्र दिन में अपनी इच्छा पूरी करने का यत्न न करे, और विश्रामदिन को आनन्द का दिन और यहोवा का पवित्र किया हुआ दिन समझकर माने; यदि तू उसका सम्मान करके उस दिन अपने मार्ग पर न चले, अपनी इच्छा पूरी न करे, और अपनी ही बातें न बोले, तो तू यहोवा के कारण सुखी होगा, और मैं तुझे देश के ऊँचे स्थानों पर चलने दूँगा, मैं तेरे मूलपुरुष याकूब के भाग की उपज में से तुझे खिलाऊँगा, क्योंकि यहोवा ही के मुख से यह वचन निकला है" (यशायाह ५८:१३,१४)।**

हम सभी उच्च स्थान चाहते हैं। हम अपने

पदों में सुधार चाहते हैं। हम इसे कैसे प्राप्त कर सकते हैं? प्रभु के दिन, अर्थात् रविवार के दिन हमें दुष्टों की सम्मति से दूर हो जाना चाहिए और वे कार्य करने चाहिए जो प्रभु को भाते हैं। अपने आपको प्रसन्न करने वाले काम न करें और न ही अपने बारे में बोलें, मनभावनी बातें न करना, और अपनी ओर से बातें न करना, क्योंकि वह दिन यहोवा की प्रसन्नता का दिन है। यह एक अच्छा दिन है, आनन्द का दिन है, उत्सव का दिन है, यहोवा का दिन है और उस दिन को आदर के योग्य समझो। इस दिन, टेलीविजन में कोई भी कार्यक्रम न देखें- लेकिन कलीसिया की सेवाओं को महत्व दें और कलीसिया की सेवाओं में भाग लेना अपना कर्तव्य समझें। तब आप अपने आप को प्रभु में आनंदित करेंगे। इसका मतलब यह नहीं है कि आप अन्य दिनों में जैसे चाहें वैसे रह सकते हैं।

रविवार को सुबह की आराधना के बाद यदि आप अपने सांसारिक मामलों और काम के लिए समय की योजना बनाते हैं, तो आपको अपने जीवन में वास्तविक आनंद नहीं मिल सकता है। हमारे जीवन में कोई उत्थान नहीं होगा। आपको यह दिन प्रभु के लिए समर्पित करना चाहिए। यदि आप इस दिन अपने दोस्तों को देखने या अपने स्वयं के कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए खुद को संसार को देते हैं तो आप अपने जीवन में उन्नति नहीं करेंगे।

जब आप प्रभु के दिन को आनन्द का दिन समझेंगे और उसे प्रभु के लिये अलग रखेंगे, तब आप सुखी रहोगे। परमेश्वर तुम्हें पृथ्वी पर सबसे ऊंचे स्थान पर बिठाएगा। आपके जीवन में, यदि कोई आर्थिक या स्वास्थ्य की कमी है या आपके आत्मिक जीवन में एक अवसाद है या आपको लगता है कि आप में वह नहीं है जो दूसरों के पास है और यदि आप प्रभु से पूछते हैं "क्यों प्रभु?" तो उत्तर है : इस संदेश के द्वारा पवित्र आत्मा आपसे बहुत स्पष्ट रूप से बात कर रहा है। यदि आप उसके दिन को प्रसन्नता का दिन मानेंगे, तो आप सुखी रहेंगे और यहोवा आपको सर्वोच्च स्थान पर रखेगा।

## ५. आर्थिक आशीषें

**"सारे दशमांश भण्डार में ले आओ कि मेरे भवन में भोजनवस्तु रहे; और सेनाओं का यहोवा यह कहता है, कि ऐसा करके मुझे परखो कि मैं आकाश के झरोखे तुम्हारे लिये खोलकर तुम्हारे ऊपर अपरम्पार आशीष की वर्षा करता हूँ कि नहीं" (मलाकी ३:१०)।**

"यदि मैं अपनी आय का एक हिस्सा दे दूं, तो क्या मेरे आगे अच्छा समय आएगा?" कुछ लोगों का यह सवाल है। आपकी सारी कमाई का दसवां हिस्सा परमेश्वर का है। तुम्हें अपने उधार का दसवां अंश परमेश्वर को नहीं देना है। आप जो कमाते हैं उसका दसवां हिस्सा परमेश्वर का होता है। आपको अपने धन के इस दसवें हिस्से को, जो परमेश्वर का है, कहां देना चाहिए? अपना दशमांश अपनी कलीसिया के भण्डार में ले आओ। आपका दशमांश सुसमाचार कार्य या पत्रिका सेवकाई या मिशनरी कार्य के लिए नहीं होना चाहिए। यह किसी क्षेत्र में डेरा डाले हुए, सेमिनार आयोजित करने वाले सुसमाचार प्रचारक द्वारा किए जाने वाले काम के लिए नहीं होना चाहिए। यह पूरी तरह से आपकी कलीसिया से संबंधित है जहां आप एक सदस्य हैं। कलीसिया इसे अपने सेवकाई के काम के लिए उपयोग कर सकती है और इसे परमेश्वर की सेवकाई के अन्य क्षेत्रों में गरीबों और ज़रूरतमंदों के लिए खर्च किया जा सकता है।

आपके लिए यह सबसे महत्वपूर्ण है कि आप एक ऐसी कलीसिया को खोजें जहां परमेश्वर का पैसा केवल परमेश्वर के लिए खर्च किया जाता है और उस कलीसिया के सदस्य बनें। बाइबल आपको अपनी आय का दसवां हिस्सा अपने कलीसिया के भण्डार में लाने के लिए कहती है। विश्वासियों के पास इस पैसे को खर्च करने का कोई अधिकार नहीं है। किसी विश्वासी को दशमांश छूने और इधर-उधर लोगों को देने का कोई अधिकार नहीं है।

अपना दशमांश कलीसिया के भण्डार में ले आओ। प्रभु उसे परखने के लिए कहता है, 'आकाश के झरोखे तुम्हारे लिये खोलकर तुम्हारे ऊपर अपरम्पार आशीष की वर्षा करता हूँ कि नहीं, हमें परमेश्वर के वचनों में से एक शब्द भी नहीं बदलना है'। मैं एक ऐसा व्यक्ति हूं जो अपनी आय का दसवां हिस्सा देकर धन्य हो गया। कभी-कभी, जब हमें थोड़ी आमदनी होती है, तो हम दशमांश देते हैं। लेकिन जब हमारी आमदनी बढ़ेगी तो दशमांश देने में थोड़ी दिक्कत होगी।

जब आपकी आय १०० रुपये हो तो आप दस रुपये दशमांश दे सकते हैं, जब १००० रुपये हो तो आप सौ रुपये दे सकते हैं। लेकिन यदि आपकी आय १०,००० रुपये है तो दशमांश के रूप में १००० रुपये देना इतना आसान नहीं है। जैसे-जैसे प्रभु हमें अधिक से अधिक आशीष देता जाता है और यदि हम दशमांश देने में विश्वासयोग्य होंगे, तो प्रभु हमें बहुतायत से आशीष देगा। जब आप अपनी

## SPECIAL ANNOUNCEMENT

### We Need Honorary Representatives!

Of late, we find that the number of readers of **Echo of His Call** magazine printed in Sinhala, Nepali, Urdu and Afrikaans languages has considerably reduced. This may be due to the loss of our old friends and the probable relocation of their domicile. We have been thinking of ways and means to strengthen the number of readers.

As a measure of effort, we solicit Honorary Representatives from our readers of Nepali, Urdu, Sinhala and Afrikaans to

(i) Enroll more and more readers for the magazines in their respective languages.

(ii) To come forward to print more copies and dispatch to the readers in their respective countries / areas and

(iii) Help us by raising some Honorary Representatives to provide new addresses and to promote the distribution by taking photo copies and sending them to family and friends.

RNI.No.63656/95, Postal Regn.No.TN/CH/(C)/202/21-23 WPP.No.TN/PMG(CCR)/WPP-222/21-23

कलीसिया को दशमांश देंगे, तो प्रभु आपके लिए स्वर्ग की खिड़कियां खोल देगा और अपनी आशीषों को उंडेल देगा। यह बहुत बड़ा रहस्य है। कई इससे अनजान हैं। आप ऐसा करें और देखें कि क्या होता है। जीत आपकी होगी!

************

## OUR BANK DETAILS:

### *1. Bank : State Bank of India*

Branch : **Triplicane, Chennai-5**
Name : **S. Sam Selva Raj**
A/C No. : **1023 2934 679**
IFSC : **SBIN 00 00 249**
SWIFT CODE : **SBI NIN BB 455**

### *2. Bank : ICICI Bank*

Branch : **Anna Salai, Chennai-6**
Name : **Echo of His Call**
A/C No. : **6038 0502 2319**
IFSC : **ICIC 000 6038**

### *3. Bank : State Bank of India*

**(This Account is for Tax Exemption for Indians only )**

Branch : **Triplicane, Chennai-5**
Name : **Echo of His Call Educational Trust**
A/C No. : **1023 2923 805**
IFSC : **SBIN 00 00 249**

**Google Pay: 98410 71858**
**PayPal : SAM SELVA RAJ**
*****
**E.mail : sam@echoofhiscall.org**

# एको ऑफ हिज़ कॉल

१६ भाषाओं में मासिक पत्रिकाएं, पत्राचार पाठ्यक्रम, कलीसिया रोपन, ग्रामीण अंग्रेज़ी हायस्कूल, सुसमाचार छापखाना, क्रूसेड, सेमिनार, समाज सेवा आदि।

**वार्षिक शुल्कः रु. १००/-      आजीवन शुल्कः रु. २,०००/-**

**एको ऑफ हिज़ कॉल** की गतिविधियां आपके समान परमेश्वर के लोगों के स्वेच्छा दानों और भेंटों से पूरी की जाती हैं। आप परमेश्वर की अगुवाई के अनुसार **एको ऑफ हिज़ कॉल** और उसके सारे कार्यक्रमों को आर्थिक सहायता भेज सकते हैं। अनपहुंचे लोगों को सुसमाचार सुनाने हेतु और कलीसिया की स्थापना के लिए हमें आपकी सहायता की ज़रूरत है।

अगर आप **एको ऑफ हिज़ कॉल** मासिक पत्रिका नियमित रूप से प्राप्त करना चाहते हैं तो कृपया हमें लिख भेजें। जब कभी अपना पता या ई-मेल बदलें तो कृपया अपने पुराने एवं वर्तमान पते के बारे में अवश्य सूचना दें।

**एको ऑफ हिज़ कॉल** सेवकाई १६ भाषाओं की मासिक पत्रिका हमारे वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। आप इस साइट पर जाकर और उसे डाऊनलोड करके उसे पढ़ सकते हैं और आशीष पा सकते हैं।

आपके पत्र, प्रार्थना अनुरोध और आपकी आर्थिक सहायता (मनी ऑर्डर, चेक या डिमांड ड्राफ्ट, एनईएफटी, पेपॅल को(Sam Selva Raj, sam@echoofhiscall.org) PhonePe (98410 71858), Gpay (98410 71858), Western Union, MoneyGram, etc.) कृपया निम्नलिखित पते पर भेजी जा सकती है।

कृपया अपना **लैंड लाईन फोन/सेल फोन क्रमांक और ई-मेल पत्ता** आवश्यक सुधार/अद्यतनीकरण के लिए भेजें।

Our address :
**ECHO OF HIS CALL**
10, MOHAMMED ABDULLAH 2ND STREET, CHEPAUK, CHENNAI - 600 005, INDIA
PH: (+91-44) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766/ Cell: (+91) 98410 71852, 95661 31858 / E.mails: sam@echoofhiscall.org / biblecor@yahoo.co.in
Websites: www.echoofhiscall.org / www.stpaulsmatriculation.com

**YOU CAN SEND YOUR DONATION ONLINE ALSO**

Regd. with the RNI under No . 63656/95
Licenced to post without pre-payment
Postal Regn. No. TN/CH (C) /202/21-23
Licence No. WPP. No. TN/PMG(CCR)/WPP-222/21-23
Date of Publication: Second week of every month
Date of Posting : 8th & 9th of every month
Posted at "Egmore RMS / 1 Patrika Channel"
on 9th FEBRUARY, 2023
If un-delivered please return to:
ECHO OF HIS CALL (HINDI)
P.O. Box No. 2957, Chepauk, Chennai - 600 005, INDIA.
Phone: (+ 91- 44) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766

*JESUS LOVES YOU!*

**To**

*GOD BLESS YOU!*

Owned and published by **S. Sam Selva Raj** from New No. 8 & 10, Old No.18 & 19, Mohammed Abdullah 2nd Street, Chepauk, Chennai-600 005 and printed by **S. Sam Selva Raj** at **Echo of His Call Printers,** New No. 8 & 10, Old No.18 & 19, Mohammed Abdullah 2nd Street, Chepauk, Chennai-600 005. Editor: **S. Sam Selva Raj.**